Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to install photograph of Shaheed Udham Singh in Parliament House Gallery.

श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (आनंदपुर साहिब): मैडम स्पीकर, आज शहीद ऊधम सिंह जी का शहीदी दिन है। यह सब जानते हैं कि शहीद ऊधम सिंह जी ने इस देश के ऑनर के लिए, देश की आजादी के लिए शहादत दी और जलियांवाला बाग में जो दो हजार से अधिक निहत्थे भारतीयों को गोलियों से मारा गया, उसका बदला लंदन में जाकर माइकल उडायर को मारकर लिया।

यह बात सच है और इतिहासकार भी कहते हैं कि अगर शहीद उधम सिंह जी ने अंग्रेज के घर में जाकर उसे गोली न मारी होती तो हमारे देश को आजाद होने में 100 वर्ष और लग जाते। आज शहीद उधम सिंह जी का शहीदी दिवस है, इसलिए मैं यह चाहता हूं कि ऐसे महान शहीद के शहीदी दिवस पर सारा हाउस उनको रिसपेक्ट प्रदान करें। दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि शहीद उधम सिंह जी की एक फोटो पार्लियामेंट गैलरी में रिसपेक्टेबल जगह पर लगानी चाहिए। मैं माननीय गृह मंत्री जी का धन्यवाद करना चाहता हूं क्योंकि अगले साल जलियां वाला बाग हत्याकांड के 100 वर्ष पूरे होने वाले हैं, इसलिए माननीय गृह मंत्री जी अमृतसर गए थे और जलियां वाला बाग के गेट पर शहीद उधम सिंह जी का स्टेचू लगाकर आए हैं। इसलिए मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि उनकी तस्वीर को पार्लियामेंट हाउस में लगाया जाए और सारा हाउस मिलकर उन्हें रिसपेक्ट प्रदान करें।

माननीय अध्यक्ष :

श्री रवीन्द्र कुमार जेना,

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

श्री शरद त्रिपाठी,

श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन,

श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन,

श्री राजेन्द्र अग्रवाल,

श्री एम. बी. राजेश,

श्री पी. के. बिजू,

श्री इन्नोसेन्ट,

डॉ. ए. सम्पत,

डॉ. किरिट पी. सोलंकी,

श्री नारणभाई काछड़िया,

श्री धनंजय महाडीक,

श्रीमती सुप्रिया सुले,

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

श्री निशिकान्त दुबे,

डॉ. संजय जायसवाल को श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा द्वारा उठाए गए विषय के साथ सबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है। हम सब इसमें सहयोगी बन रहे हैं। पूरा हाउस भी इसमें शामिल है। हम साल में एक बार सभी शहीदों को श्रद्धांजलि भी देते रहते हैं।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : एन.आर.सी वाला विषय कल पूरा हो गया था। इस पर होम मिनिस्टर ने पूरा जवाब भी दिया था। उसके अलावा आपको कुछ और कहना है?

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैं हल्ला नहीं करने दूंगी क्योंकि कल यह विषय हो गया था।

PROF. SAUGATA ROY (DUM DUM): Madam, please allow me one minute.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Not on NRC.

… (*Interruptions*)

PROF. SAUGATA ROY: Madam, yesterday we discussed in the House that 40 lakh names have been eliminated from the National Register of Citizens furnished in Assam. … (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: वह कल हो गया था We discussed it yesterday.

… (*Interruptions*)

PROF. SAUGATA ROY: We had protested against it. The Chief Minister said that this is part of the 'divide and rule' policy of the Centre. This will lead to displacement of people. … (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Yesterday, we had discussed it and I allowed all of you to say something and the Home Minister gave his reply. Every day, the same subject will not be there. Nothing will go on record.

… (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : श्री मोहम्मद बदरुद्दोज़ा खान आप बोलिए।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप बैठ जाइए। आप कल नहीं थे इसलिए आज चिल्लाएंगे क्या? ऐसा नहीं होता है, बैठिए।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप बोलिए तो। हां तो बोलिए ना।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री मोहम्मद बदरुद्दोज़ा खान आप एक मिनट के लिए बैठिए। गौरव जी बैठ जाइए। मैंने पहले ही निर्णय दे दिया है। कल इस विषय पर मैंने बोलने दिया था और यह विषय हो गया था। Every day, it cannot be like that. Only Shri Md. Badaruddoza Khan’s statement will go on record.

… (*Interruptions*)